भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या** 1926
उत्तर देने की तारीख 13 मार्च, 2023 (सोमवार)
22 फाल्गुन, 1944 (शक)

**प्रश्न**

**सिलचर, असम में योजनाओं का कार्यान्वयन**

**1926. डॉ. राजदीप राय:**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा उत्तर-पूर्व क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और
(ख) इन योजनाओं में से विशेष रूप से सिलचर, असम में लागू की गई योजनाओं की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) वित्त वर्ष 2022-23 से उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र राज्यों में निम्नलिखित स्कीमों को कार्यान्वयन हेतु अनुमोदित किया गया हैः

i. पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) की स्कीमें
ii. उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस)
iii. पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल (पीएम-डिवाइन)
iv. विशेष विकास पैकेज [बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी), कार्बी आंगलोंग स्वायत्त प्रादेशिक परिषद (केएएटीसी) और दीमा हसाओ स्वायत्त प्रादेशिक परिषद (डीएचएटीसी)]

(ख) ये सभी उपर्युक्त स्कीमें सिलचर सहित असम में कार्यान्वित की जा रही हैं। कुल मिलाकर, 6,900.62 करोड़ रुपए की 679 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनकी स्कीम-वार स्थिति अनुबंध-I में दी गई है।

**अनुबंध-I**

| दिनांक 13.03.2023 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1926 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **स्कीम का नाम** | **असम के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या** | **कुल स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
| 1. | एनईसी की स्कीमें | 97 | 967.89 |
| 2. | एनईएसआईडीएस* | 479 | 4756.79 |
| 3. | पीएम-डिवाइन** | 0 | 0 |
| 4. | बीटीसी | 65 | 749.64 |
| 5. | केएएटीसी | 26 | 251.48 |
| 6. | डीएचएटीसी | 12 | 174.82 |
| | **कुल** | **679** | **6900.62** |

* इसमें पूर्ववर्ती एनएलसीपीआर स्कीम के तहत स्वीकृत परियोजनाएं शामिल हैं।

** चूंकि यह एक नई अनुमोदित स्कीम है इसलिए स्वीकृति प्रक्रिया चल रही है।

*****